दिनांक : 14.04.2024 समय : 02.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री– चुनाव प्रचार प्रदेश

प्रदेश में लोकसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। आज वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के पिपरिया में जनसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि आजादी के अनेक दशक तक कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधे या रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाई है। इसी परिवार ने देश में आपातकाल या इमरजेंसी लगाई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने हिसाब से इतिहास को तोड़ा–मरोड़ा और खुद का ही महिमामंडन करवाया। भाजपा का संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संकल्प पत्र युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब को समर्पित है। सोशल, फिजिकल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का मजबूती से विस्तार, भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मजयंती का उल्लेख करते हुए श्रो मोदी ने कहा कि हमने बाबा साहेब को सिर्फ विचारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि आधुनिक भारत में उनके योगदान को नई पहचान दी है। आप मोबाइल फोन से जो डिजिटल पेमेंट करते हैं, उस डिजिटल पेमेंट योजना का नाम भीम एप है, ये नाम हमने बाबा साहेब के नाम पर ही रखा है।

....

प्रदेश चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी भी प्रचार में जुटी है। आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नरसिंहपुर, शहडोल, सिवनी जिलों में प्रचार कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज होशंगाबाद के पिपरिया के अलावा बालाघाट, मंडला, इंदौर, भोपाल में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

....

प्रधानमंत्री श्रद्धांजलि आम्बेडकर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद परिसर में डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 134वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और इस अवसर पर देशवासियों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहेब आम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे, जिन्होंने एक न्यायविद, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनेता के रूप में देश और समाज के लिए असाधारण योगदान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. आम्बेडकर के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के कारण आज के भारत की छवि बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर आम्बेडकर की दृष्टि देश के विकास के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

प्रदेश में भी आज कई कार्यक्रमों का आयोजन हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के बोर्ड आफिस चौराहे पर डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके साथ मंत्रिमंडल के कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आकाशवाणी के भोपाल और गुना केंद्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। निवाड़ी में भी बाईपास स्थित डॉ.आंबेडकर की प्रतिमा पर विधायक विधायक अनिल जैन ने कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण किया। जबलपुर में आंबेडकर चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

....

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं कटनी जिले के ग्राम बचईया से ऋषभ कुमार तिवारी का संदेश।

....

भाजपा घोषणा पत्र

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इसे संकल्प पत्र नाम दिया गया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जारी किए गए संकल्प पत्र में एक राष्ट्र–एक चुनाव, समान नागरिक संहिता और एकल मतदाता सूची का वादा किया गया है।

....

भाजपा घोषणा पत्र–कांग्रेस प्रतिक्रिया

कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है। पार्टी नेता सुप्रिया श्रीनेत ने आज दिल्ली में संवाददाताओं से कहा है कि भाजपा के घोषणापत्र में रोजगार देने के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने और महंगाई कम करने जैसे मुद्दों पर भी भाजपा का घोषणापत्र मौन है।

....